हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026

तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 17 .2 डिग्री

12 चुनाव खर्च नहीं संभालने वाले प्रत्याशी नहीं लड़ पाएंगे ..



12 विश्व शांति के लिए सकारात्मक रखनी होगी ..



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान राजन और सुशील कुमार, निवासी गांव खेड़ा के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता अमरजीत सिंह ने 11 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने जमीन का इकरारनामा (एग्रीमेंट) किया था और इसके बदले में भारी रकम वसूल ली थी। लेकिन पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने से इनकार कर दिया और करीब 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों नामजद आरोपियों, राजन और सुशील कुमार को काबू कर लिया।

### महिला के कान से झपटी सोने की बाली

**यमुनानगर।** फर्कपुर थाना क्षेत्र के आर्य नगर में सैर कर रही महिला के कान से युवक ने सोने की बाली झपट ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आर्य नगर जगाधरी वर्कशॉप निवासी अमरजीत सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मां सुखदेव कौर तीन मई को सुबह पांच बजे घर के बाहर सैर कर रही थी। इस दौरान एक लड़का उसकी मां का पीछा करते हुए आया। जब तक उसकी मां कुछ समझ पाती आरोपी युवक ने उसकी मां के कान से सोने की बाली झपट ली और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कहासुनी में युवक के साथ मारपीट, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव सोहाना निवासी साजन ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो मई को दोपहर दो बजे थाना छप्पर में किसी काम से आया था। जहां पर उसकी कमल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसे जाति सूचक शब्द भी बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कमल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बाइक को टक्कर मारकर युवक पर डंडों से हमला

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के गांव जागधोली में चार युवकों ने एक व्यक्ति की बाइक को टक्कर मारकर उस पर डंडों से हमला कर दिया। हमले में घायल पुष्पेंद्र कुमार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को काम से जा रहा था, तभी वंश और उसके तीन साथियों ने उसकी बाइक को टक्कर मारी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पुलिस ने शिकायत के आधार पर वंश को नामजद करते हुए तीन अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनआईटी में शिक्षण में नैतिकता पर व्याख्यान

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में शिक्षण में नैतिकता विषय पर एक विशिष्ट अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें बेंगलुरु स्थित क्रिएटिव शिक्षण अकादमी के अध्यक्ष डॉ. गुरुराज कराजगी ने प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए।

---

यमुनानगर के पुराना हमीदा में वारदात

## पारिवारिक विवाद में गंडासी व रॉड मारकर युवक की हत्या

- घायल को पीजीआई ले जाते समय रास्ते में हुई मौत
- चाचा सहित कई आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर पुलिस और लोगों की भीड़।



मृतक मेंहदी हसन का फाइल फोटो

शहर के पुराना हमीदा इलाके में पारिवारिक रंजिश के चलते युवक पर गंडासी व लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। घटना रविवार रात साढ़े 10 बजे की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गई शिकायत में हमीदा निवासी जब्बार हसन ने बताया कि उसका परिवार खेती-बाड़ी का काम करता है और वह पांच भाइयों में सबसे छोटा है। आरोप है कि उसके चाचा कुर्बान और उनके परिजन पिछले कई दिनों से उसके भाई मेहंदी हसन के साथ गाली-गलौच कर रहे थे और रंजिश रखे हुए थे। रविवार की रात करीब साढ़े 10 बजे जब वह और उसका भाई मेहंदी हसन घर के बाहर बैठक में बैठे थे। इसी दौरान कुर्बान वहां पहुंचा और मेहंदी को अपशब्द कहने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। शोर सुनकर दोनों पक्षों के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। स्थिति बिगड़ती देख परिवार के लोगों ने बीच-बचाव कर सभी को घर भेज दिया। उसने बताया कि कुछ ही देर बाद जब वह और मेहंदी हसन अपने बड़े भाई के घर जा रहे थे, तो गली में पहले से घात लगाए खड़े आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आवेश और सोहेल ने लोहे की गड़ासी से मेहंदी हसन की टांगों पर वार किए। वहीं, कुर्बान ने लोहे की रॉड, साकिर ने लोहे के पाटला, बलकिसा ने ईंट और एक अन्य युवक ने डंडे से हमला किया। हमले में मेहंदी गंभीर रूप से घायल होकर गली में ही बेहोश हो गया और उसके पैरों से काफी खून बहने लगा। उसने परिजनों के साथ घायल को तुरंत शहर के निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पानीपत। आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए फायर ब्रिगेड कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## पानीपत की टेक्सटाइल मिल में भीषण आग से इमारत गिरी

50 दमकल की गाड़ियों ने 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया

**पानीपत।** पानीपत में गत रविवार देर रात रिसालू रोड स्थित लक्ष्य टेक्सटाइल मिल्स में भीषण आगजनी से भारी आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ इमारत भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार रात पानीपत में तेज आंधी और तूफान चल रहा था। मिल प्रबंधन के अनुसार खराब मौसम के कारण मिल के भीतर बिजली का शॉर्ट सर्किट हो गया। इंडस्ट्री में बड़ी मात्रा में धागा और कच्चा माल रखा होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही मिनटों में पूरी मिल आग की लपटों और काले धुएं से घिर गई। दमकल की करीब 50 गाड़ियों ने लगभग 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन अमित गोस्वामी ने बताया कि आग इतनी भयानक थी कि जिले के विभिन्न केंद्रों से गाड़ियां बुलानी पड़ीं। रात 2 बजे से सुबह 9 बजे तक लगातार पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। करीब 7 घंटे के संघर्ष के बाद रविवार सुबह आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। इस दौरान मिल में रखा सारा धागा, तैयार माल और कच्चा माल जलकर राख हो गया। आग की तीव्रता से भवन की छत और दीवारें कमजोर होकर गिर गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

---

अंबाला के मोहड़ा फाटक के पास हुई वारदात

## फिल्मी अंदाज में बदमाशों ने गाड़ी में सवार लोगों पर किया हमला

- बदमाशों पर चार करोड़ की फिरौती लेने का भी आरोप, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला-दिल्ली नेशनल हाइवे के पास मोहड़ा फाटक के समीप उस समय सनसनी फैल गई जब बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी को घेरकर उसमें सवार परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाड़ी के शीशे तोड़कर अंदर बैठे बुजुर्ग, महिलाओं और एक बच्ची पर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए।पीड़ित रणधीर सिंह, निवासी माखू माजरा (करनाल) ने पड़ाव थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी, पुत्रवधू और पोती के साथ इस्माइलपुर गांव से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी मोहड़ा फाटक के पास पहुंची, स्कॉर्पियो और बाइक सवार 6-7 बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। जब उन्होंने सुरक्षा के लिए दरवाजे लॉक कर लिए तो आरोपियों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और भीतर बैठे लोगों पर हमला कर दिया।आरोप है कि सोनीपत के नयावास निवासी रमेश पहलवान के गिरोह द्वारा पिछले तीन वर्षों से धमकाकर करीब 4 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है और अब 5 करोड़ रुपये की नई फिरौती की मांग की जा रही थी। रकम न देने पर यह हमला किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विक्रम, पागल सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ दंगा करने, घातक हथियार से हमला करने और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रणजीत का हत्यारोपी पकड़ा पत्नी से अवैध संबंध में की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



बिहौली गांव के खेतों में हुई मजदूर रणजीत की हत्या की वारदात का पर्दाफास कर पुलिस ने आरोपी को समालखा में फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के पूर्णिया जिले के सतडोंग गांव निवासी विनोद ऋ षि उर्फ प्रमोद के रूप में हुई है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि थाना बापौली में बिहौली निवासी जिले सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह खेती बाड़ी करता है। उसके पास रणजीत पुत्र सिबरत निवासी नया टोल गंगेली पूर्णिया बिहार खेत में करीब 10 साल से काम कर रहा था और खेत में बने ट्यूबेल के कोठड़े में ही रहता था। भतीजे अमित को खेत में काम करने के लिए एक मजदूर की जरूरत थी। उसने रणजीत को मजदूर लाने के लिए कहा था। गत 27 अप्रैल को सुबह करीब 7:30 बजे वह खेत में गया तो कोठड़े के आगे बने बरामदे में काफी खून बिखरा मिला। आरोपी ने रणजीत की धारदार हथियार से हत्या करना स्वीकारा। हत्या अवैध संबंधों में की गई है।

## केयू में आज ‘सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र’ पर सेमिनार

### मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में “सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र” विषय पर सेमिनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन 5 मई को किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह आयोजन विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर कला उत्सव में भाग लेने वाली राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को क्रश हॉल में प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नारी सशक्तिकरण को समर्पित इस प्रदर्शनी में लगभग 50 पैनल लगाए गए हैं, जिनका उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। प्रदर्शनी में विज्ञान एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान देने वाली महिला वैज्ञानिकों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही हरियाणा के विकास में महिलाओं की भूमिका को भी प्रमुखता से दर्शाया जाएगा।

---

## नौकरी का लालच देकर छह लाख ठगे, दो पर केस

- पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चंडीगढ़ नगर निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर दुराना निवासी जगविंद्र सिंह से करीब 6 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र और आईकार्ड देकर तीन माह तक प्रशिक्षण भी दिलाया, जबकि असल में कोई नौकरी नहीं लगी।पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात अर्जुन सिंह से हुई थी, जिसने खुद को नगर निगम में बड़े संपर्क वाला बताकर सीनियर असिस्टेंट की नौकरी दिलाने का दावा किया। सौदा 16 लाख रुपये में तय हुआ और धीरे-धीरे रकम ली गई। बाद में दस्तावेज फर्जी निकले।आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद अंबाला कैंट थाना पुलिस ने अर्जुन सिंह व कैथल निवासी कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

## अंबाला: कारोबारी के खाते से 5.72 लाख की साइबर ठगी

- मोबाइल हैक कर तीन ट्रांजेक्शन में उड़ाई रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चंडीगढ़ नगर निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर दुराना निवासी जगविंद्र सिंह से करीब 6 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र और आईकार्ड देकर तीन माह तक प्रशिक्षण भी दिलाया, जबकि असल में कोई नौकरी नहीं लगी।पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात अर्जुन सिंह से हुई थी, जिसने खुद को नगर निगम में बड़े संपर्क वाला बताकर सीनियर असिस्टेंट की नौकरी दिलाने का दावा किया। सौदा 16 लाख रुपये में तय हुआ और धीरे-धीरे रकम ली गई। बाद में दस्तावेज फर्जी निकले।आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद अंबाला कैंट थाना पुलिस ने अर्जुन सिंह व कैथल निवासी कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

यमुनानगर के नथनपुर के पास बड़ा हादसा

## तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





गांव नथनपुर के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव रामपुर खादर निवासी 65 वर्षीय पृथ्वी चंद के रूप में हुई है, जो बीती रात परचून की दुकान से राशन लेकर घर लौट रहे थे।जानकारी के अनुसार मृतक का बेटा अक्षय भी उस समय मौके पर मौजूद था। उसने बताया कि उसके पिता बस अड्डे के पास दुकान से सामान लेकर सड़क पार कर रहे थे, तभी नथनपुर की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद कार चालक कुछ दूरी पर रुका, लेकिन भीड़ इकट्ठी होते देख मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

हरिगढ़ भौरख के किसान परमजीत को मार्केट कमेटी ने दिया चेक

## करंट से झुलसे किसान को की 2.50 लाख की मदद

- मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत मिली राहत
- कृषि हादसों में मृत्य व विकलांगता पर अलग-अलग मुआवजे का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



गांव हरिगढ़ भौरख निवासी किसान परमजीत सिंह को बिजली के करंट से घायल होने के बाद राहत देते हुए मार्केट कमेटी ने 2 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह राशि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत दी गई।मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने बताया कि परमजीत सिंह कृषि कार्य के दौरान करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। योजना के तहत उन्हें निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सहायता दी गई है।उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत खेत में कार्य करते समय किसान की मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। वहीं स्थायी पूर्ण विकलांगता, रीढ़ की हड्डी टूटने या पूरी तरह अपंग होने की स्थिति में 2.50 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा अंग भंग होने पर 1,87,500 रुपये, उंगलियां कटने पर 75 हजार रुपये और आंशिक रूप से उंगलियां कटने पर 37,500 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पीड़ित किसान को मार्केट कमेटी कार्यालय में आवेदन करना होता है। पहले भी कई किसानों को कृषि कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने पर इस योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

## 126 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गढ़ी रोड हमीदा क्षेत्र से एक युवक को 126 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक खाली प्लॉट के पास नशीले पदार्थ की सप्लाई कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर दबिश दी और आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से हेरोइन बरामद हुई।पकड़े गए आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी समीर के रूप में हुई है। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई की। अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### डाइट शाहपुर में फाउंडेशन लर्निंग स्टडी प्रशिक्षण

**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर करनाल में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नीलम के सानिध्य में दो दिवसीय फाउंडेशन लर्निंग स्टडी जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री मुनीष कुमार जी ने किया। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षक पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि सही परिणाम शिक्षा विभाग को मिल सकें। जिला स्तरीय कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉ. शिशन पाल ने बताया कि एफएलएस 2026 असेसमेंट टैबलेट आधारित ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से किया जाएगा।

### स्लम क्षेत्रों के बच्चों का सर्वे तीन दिन में पूरा करें

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों की पहचान के लिए तीन दिन में सर्वे पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 12 मई से विशेष शिविर लगाकर इन बच्चों के पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला सचिवालय में आयोजित अंतर-विभागीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि सेक्टर-12 पेट्रोल पंप के पास, सेक्टर-33 उधम सिंह चौक, सेक्टर-16 पॉली क्लिनिक और शनि मंदिर, देवी लाल चौक के पास स्लम क्षेत्रों की पहचान की गई है। बैठक में एसडीएम देवेंद्र शर्मा, दलजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त एमसी करनाल, रीना कादियान, रोहतास वर्मा, नीलम कुंडू, धर्मपाल, सविता राणा, राजबाला मोर, कुलबीर मलिक, कमल त्यागी, मंजू चौधरी, चंद्र प्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हरियाणा पुलिस अकादमी में योग कार्यक्रम

**मधुबन/करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के नेताजी सुभाष चंद्र बोस परेड ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक श्रीमती कला रामचंद्रन की प्रेरणा और पुलिस अधीक्षक श्री बलजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में 2 मई से 30 मई तक चलने वाले योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज और मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां करवाईं।

### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर 101 यूनिट रक्तदान

**घरौंडा।** करनाल की समाजसेवी संस्था लक्ष्य जनहित सोसाइटी के द्वारा नगर खेड़ा घरौंडा मैं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 101 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया भाजपा मंडल घरौंडा की टीम का इस पर अवसर लक्ष्य जनहित सोसाइटी ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन भी घरौंडा मंडल की टीम के साथ मनाया गया नगर खेड़ा घरौंडा की समिति की तरफ से प्रधान रंन्नू राणा,, सदस्य राजेश राणा, चरण सिंह राणा, पप्पू नंबरदार, पार्षद भाई जवाहर राणा, ईश्वर राणा,ओमपाल राणा और संदीप राणा उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाकर खुलवाया जाम

# गेट पास नहीं काटने से गुस्साए किसानों ने अनाज मंडी के सामने लगाया जाम

जाम लगते ही स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइने लग गई, जिससे लोगों को परेशानी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। करनाल स्टेट हाईवे पर गेट पास नहीं कटने से खफा किसानों द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियां अड़ाकर लगाया गया जाम । फोटो : हरिभूमि



इंद्री। किसानों से बातचीत करते इंद्री के एसडीएम डॉ रमन गुप्ता ।

अनाज मंडी इंद्री में गेहूं लेकर आए किसानों के गेट पास नहीं काटने से किसानों का गुस्सा फूट गया और किसानों ने करनाल-इंद्री स्टेट हाईवे पर अनाज मंडी के गेट के सामने ट्रैक्टर ट्रालियां अड़ाकर जाम लगा दिया । जाम लगते ही स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइने लग गई और जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा ।सूचना मिलते ही इंद्री के एसडीएम डॉ रमन गुप्ता मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर गेट पास वेरीफाई करवा कर गेट पास काटने शुरू करवाए जिसके बाद किसानों ने जाम को खोल दिया ।

अनाज मंडी मे गेहूं लेकर आए किसान सुशील सैनी, कुलदीप सिंह, सुरेशपाल, अजायब सिंह, राजीव कुमार, लवप्रीत व सोनू आदि ने बताया कि वे अपनी गेहूं से भरी ट्रालियां लेकर मंडी मे आए थे लेकिन काफी समय से वे गेट पास कटवाने के इंतजार में खड़े रहें लेकिन अधिकारियों द्वारा मंडी मे गेट पास नहीं काटे गए जिस कारण मंडी मे गेहूं लेकर आए किसानों मे रोष पनप गया और जाम लगा दिया । मंडी प्रधान सुमेर चंद कांबोज ने बताया कि अब मंडी में गेहूं की आवक अब कम है लेकिन अधिकारियों ने सोमवार को गेट पास वेरीफाई करने के नाम पर किसानों के गेट पास काटने बंद कर दिए । जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इस मामले में इंद्री के एसडीएम डॉ रमन गुप्ता ने बताया कि इंद्री अनाज मंडी मे किसानों के गेट पास वेरीफाई किए जा रहे है जिस कारण गेट पास वेरीफाई करने समय लग रहा है । किसानों ने जैसे ही जाम लगाया तुरंत मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाकर जाम को खुलवा दिया गया ।

## गेहूं उठान में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में गेहूं उठान प्रक्रिया की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने खरीद एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों को मंडियों से गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने भारतीय खाद्य निगम और हैफेड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में उठान कार्य तेज किया जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल रखने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने तरावड़ी अनाज मंडी में पर्याप्त ट्रकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं असंध अनाज मंडी से भी उठान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। इंद्री अनाज मंडी में अनियमितताओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए डीसी ने मंडी सचिव व संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों व एजेंसियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एडीसी डॉ. राहुल रईया, सभी एसडीएम, डीएफएससी मुकेश कुमार, सभी मंडी सचिव व खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### भाजपा की प्रचण्ड जीत कार्यकर्ताओं में जश्न

**घरौंडा।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचण्ड जीत होने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। शहर में जगह जगह लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नई अनाज मंडी, नपा चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता के निवास स्थान, मुख्य बाजार व अन्य स्थानों पर ढोल नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटी । भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि वेस्ट बंगाल में भाजपा की प्रचण्ड जीत से साफ जाहिर है कि कि देश की जनता भाजपा की नीतियों से खुश है, इसी कारण से हर प्रदेश में भाजपा का झंडा बुलंद हो रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता लाला सोहनलाल गुप्ता, संजय खेंची,नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, पुरुषोत्तम सेठी, संजीव सेन, पार्षद अमित गुप्ता, कमल धीमान,सोमनाथ प्रजापति, नरेंद्र प्रजापत, अजीत जैन,सन्नी सेठी,अंकित जैन, अनिल ठुकराल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### ट्रस्टों ने वाल्मीकि भवन में लगाए वॉटर कूलर

**करनाल।** समाजसेवा की दिशा में पहल करते हुए वैश्य चेरिटेबल ट्रस्ट एवं राजेश्वर स्वतंत्र गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट, रामनगर करनाल द्वारा सेक्टर-9 स्थित भगवान वाल्मीकि भवन में वॉटर कूलर और कूलर भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान वैश्य चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव पी.के. जैन व अन्य पदाधिकारियों ने भगवान वाल्मीकि जनकल्याण संघ को यह सामग्री सौंपते हुए जनहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय गुप्ता द्वारा किया गया। संघ के अध्यक्ष अमित कुमार व अन्य सदस्यों ने दोनों ट्रस्टों का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से जरूरतमंद वर्गों को सीधा लाभ मिलता है और समाज में सेवा भावना को बल मिलता है। इस अवसर पर सोनी बोहत, मास्टर राजपाल, मा. बनारसी दास, अमित कुमार निसिंग, राजपाल डाबरथला, रामलाल, राजेंद्र खेड़ा, गुलाब सिंह कमालपुर, संजय कुमार सोदा, मुकेल, बलिंद्र डबकौली, अशोक, कृष्ण झंजोटड़, राजकुमार, श्रवण कुमार, बबलू प्रोचा, बलड़ी, बलजीत कलसी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## असंध में दो दोस्तों की मौत को परिजनों ने बताया हत्या , डीएसपी दफ्तर पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल



करनाल जिले के असंध क्षेत्र में एक सप्ताह पहले दो दोस्तों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हादसे और हत्या के बीच उलझी इस गुत्थी को लेकर परिजनों का धैर्य जवाब दे गया है। सोमवार को न्याय की मांग को लेकर भारी संख्या में ग्रामीणों और परिजनों ने डीएसपी कार्यालय का घेराव किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

घटना 26-27 अप्रैल रात करीब 1:30 बजे की है। गांव दुपेंटी निवासी 17 वर्षीय शुभम (पुत्र कृष्ण) और गांव फफड़ाना निवासी 19 वर्षीय मनीष (पुत्र ईश्वर) बाइक पर सवार होकर किसी परिचित से मिलने जा रहे थे। असंध-जींद रोड पर गांव बाहरी के पास दोनों संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। आशंका मृतक शुभम के पिता कृष्ण ने बताया कि रात 10 बजे तक बेटा घर पर ही था, लेकिन वह कब बाहर निकला, उन्हें पता नहीं चला। परिजनों का आरोप है कि यह कोई साधारण सड़क हादसा नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी साजिश और सोची-समझी हत्या है।

## महापौर ने सुनीं लोगों की समस्याएं, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** जन सुनवाई करते हुए मेयर रेणू बाला गुप्ता।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। महापौर ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को तुरंत राहत मिल सके। जन सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से सडक़ों व गलियों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति, सीवरेज निकासी में आ रही दिक्कतों तथा जलापूर्ति से संबंधित शिकायतें सामने आई। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी समस्या का समाधान लंबित न रहे। महापौर ने शहर की स्वच्छता को लेकर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण करें और उसे नगर निगम के कूड़ा वाहन में अलग-अलग ही डालें। इसके साथ-साथ नगारिक सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से बचें, ताकि हम पृथ्वी के साथ-साथ पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। यदि कहीं गंदगी दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नगर निगम को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।



### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संचालिका बहन सुदेश ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**तरावड़ी।** अनाज मंडी तरावड़ी की ओर से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू के लिये गेहूं से भरा एक ट्रक रवाना किया गया। ट्रक को ईश्वरीय विश्व विद्यालय तरावड़ी की बहन सुदेश ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, अनिल गुप्ता, रामकुमार बंसल, ज्योति इंटरप्राइजेज के मालिक अनिल गुप्ता, 521 चावल के निर्माता पंकज गोयल मुख्य रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंडी परिसर में आढ़तियों, व्यापारियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित थे। इस अवसर पर ईश्वरीय विश्व विद्यालय तरावड़ी की बहन सुदेश ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी मंडी के आढ़तियों भाईयों के सहयोग से माउंट आबू आश्रम के लिये एक ट्रक गेंहू और चावल का भेजा जा रहा है। यह सेवा आश्रम मे हजारों लोगों को भोजन के रूप मे मिलेगी जिसका फल इन सब भाईयों को मिलेगा।

## बधिर कल्याण संघ की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** बधिर कल्याण संघ करनाल के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

बधिर कल्याण संघ करनाल द्वारा विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। संघ द्वारा समय-समय पर बोलने और सुनने में असमर्थ बच्चों के लिए खेल, नृत्य, चित्रकला तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक पर्वों जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, बाल दिवस और महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया जाता है। बैठक के दौरान सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक तीन वर्ष में कमेटी के पुनर्गठन के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। इसके पश्चात चुनाव प्रक्रिया नकुल त्यागी की देखरेख में संपन्न कराई गई। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें नवीन कुमार को प्रधान, गुरपेश सिंह को उप-प्रधान, साजन को जनरल सेक्रेटरी, विवेक को कोषाध्यक्ष तथा अक्षय को जॉइंट सेक्रेटरी चुना गया। इसके अतिरिक्त मनदीप, अधवेसर, ईशान सहित अन्य सदस्यों को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को भविष्य में और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।



### नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण, मरीजों को नशे के प्रति किया जागरूक

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने सोमवार को नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी अस्पताल में संचालित केंद्र का दौरा कर मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत की और उनकी काउंसलिंग की। मीनाक्षी यादव ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे वह अपने और परिवार के हित में निर्णय लेने में असमर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे नशा पीड़ित को सही दिशा दिखाएं और उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

## विधायक रामकुमार कश्यप ने हलके के लोगों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह इंद्री में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। उन्होंने कहा कि जब भी समय मिलता है, वे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होने कहा कि वे जनसेवा की भावना से प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम विशेष रूप से संचालित कर रहे हैं, ताकि आम जनता से सीधे संपर्क में रह सकें। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जाएंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ छान्नो निवासी सलिन्द्र ने 11 केवी की लाइन शिफ्ट करवाने बारे, खेड़ी मान सिंह निवासी जय प्रकाश ने पेंशन बारे, मुरादगढ़ निवासी गीता रानी ने आर्थिक सहायता बारे, गढ़ी साधान निवासी मिंहा सिंह, महिन्द्र व अन्य ने सडक की साईड पर ब्लॉक टाइल लगवाने बारे, ब्याना निवासी रवि परोचा ने बाल्मिकी चौपाल का निर्माण शुरू करवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। इस अवसर पर मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र सिंह पंजोखरा, दीपक सैनी, विजय कश्यप, सुभाष खेड़ा, पार्षद वीना, सेठपाल वर्मा, रमन सैनी, जोनी व अमित आदि मौजूद रहे।

## पूर्व डिप्टी स्पीकर के निवास के सामने बना सुरक्षा कक्ष हटाया

# खट्टर के करीबी विजय वेदपाल के घर के बाहर कार्रवाई

यह कार्रवाई एनएचएआई की जमीन पर किए गए निर्माण को लेकर की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




एनडीआरआई चौक पर अवैध निर्माण हटाते हुए प्रशासन की कार्रवाई।

करनाल के एनडीआरआई चौक पर प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी वेदपाल के निवास के बाहर बने पुलिस सुरक्षा कक्ष को हटवा दिया। यह कार्रवाई एनएचएआई की जमीन पर किए गए निर्माण को लेकर की गई, जिससे मामला राजनीतिक रूप से भी चर्चा में आ गया है। सोमवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट एचसीएस मोहित कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से निर्माण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों के अनुसार पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन ने बताया कि संबंधित सुरक्षा कक्ष लंबे समय से बना हुआ था और इसे निजी स्तर पर तैयार किया गया था। कार्रवाई से पहले उसमें रखा सामान बाहर निकलवाया गया, जिसके बाद अतिक्रमण हटाया गया।

### एनएचएआई की जमीन पर था निर्माण

ड्यूटी मजिस्ट्रेट मोहित कुमार ने स्पष्ट किया कि यह निर्माण एनएचएआई की परिधि में आता था और नियमों के तहत इसे हटाना जरूरी था। सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए यह कार्रवाई की गई।

### पिछले चुनाव में खट्टर का साथ, बढ़ी नजदीकियां

चौधरी वेदपाल के पुत्र विजय वेदपाल वर्तमान में भाजपा में सक्रिय हैं। पिछले चुनाव के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री का खुलकर साथ दिया, वे उनके करीबी माने जाने लगे। इसके चलते राजनीति में उनकी भूमिका और प्रभाव लगातार बढ़ा है।

### पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी वेदपाल का राजनीतिक कद

चौधरी वेदपाल हरियाणा की राजनीति में प्रमुख स्थान रखते थे। वे 1982 में घरौंडा से विधायक बने और 23 जून 1982 से 23 जून 1987 तक हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रहे। वे हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन भी रहे और उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला। राष्ट्रीय स्तर पर भी वे सक्रिय रहे और विभिन्न संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे। जनवरी 2023 में उनका निधन हो गया।

### शांतिपूर्ण रही पूरी कार्रवाई

प्रशासन के अनुसार कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध सामने नहीं आया और पूरे अभियान को शांतिपूर्वक पूरा कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई मडलौडा के विद्यार्थियों को ओजेटी के प्रमाण पत्र वितरित

**पानीपत।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मडलौडा द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एंडी सोफ्टवेयर सोलुशन पानीपत के साथ एक समझौता ज्ञापन किया गया है। जिसके अंतर्गत ओजेटी आन जाब ट्रेनिंग कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसके प्रथम बैच के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण आज पूर्ण हुआ। संस्थान की प्राचार्य रंजना शर्मा, एंडी सोफ्टवेयर सोलुशन की प्रबंध निदेशक दिव्या हांडा ने प्रथम बैच के प्रशिक्षुओं को ओजेटी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा योग्य विद्यार्थियों को जॉब ऑफर लेटर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर दिनेश व सुरेश आदि मौजूद रहे।

### लव कुश शाखा कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

**पानीपत।** भारत विकास परिषद लव कुश शाखा पानीपत का दायित्व ग्रहण व परिवार मिलन समारोह अंसल स्थित ला रजिन्सिया क्लब में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शिवकुमार गर्ग सीए, योगेश गोयल, गौरव गोयल, राजीव मलिक व कुलदीप बावरा एडवोकेट ने अतिथि के रूप में भाग लिया। वहीं शाखा अध्यक्ष के रूप में अंजना गुप्ता, सचिव भूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सहसचिव अंकित बंसल, संयोजक महिला सहभागिता ज्योति गुप्ता, सेवा सिम्मी कपूर, संस्कार रेनू गुप्ता, पर्यावरण सुभाष मित्तल, संपर्क कृष्ण गोयल ने 2026-27 के लिए दायित्व ग्रहण किया।

### विवाहिता का पति के दोस्त पर यौन शोषण का आरोप

**पानीपत।** पानीपत में एक महिला से धोखा कर यौन शोषण किए जाने व अश्लील वीडियो बनाकर घर बबार्द किए जाने का मामला सामने आया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी रवि राणा, उसके पति का पुराना दोस्त है और लंबे समय से उनके घर आता.जाता था। फरवरी 2026 में आरोपी ने बातचीत के बहाने महिला को घर से बाहर बुलाया और उसे एक होटल ले गया। वहां आरोपी ने महिला की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरदस्ती गलत काम रेप किया। आरोपी यहीं नहीं रुका। उसने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसने महिला की अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए।

### विद्यालय संपदा को सुरक्षित रखने का महत्व समझाया

**पानीपत।** गांव जाटल स्थित पीएम श्री रावमा विद्यालय में डीईओ राकेश बूरा ने दौरा किया। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ से बातचीत की और सभी को नए दाखिले बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुपर 100, बुनियाद आदि सरकारी प्रोत्साहन सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं सभी बच्चों को विद्यालय संपदा को सुरक्षित रखने का महत्व समझाया। डीईओ बूरा ने बच्चों को प्रेरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्रों ने किया अमृतसर का शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय अकादमिक संवाद एवं शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर का दौरा किया। पंजाबी अध्ययन स्कूल के प्रमुख प्रो. मंजिंदर सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और नई दिशा प्रदान करते हैं, जबकि कुलपति प्रो. करमजीत सिंह ने इसे सराहनीय पहल बताया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों और पुस्तकालय प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका और जलियाँवाला बाग जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने खालसा कॉलेज का भी भ्रमण किया, जहां प्राचार्य डॉ. आत्म सिंह रंधावा ने उनका स्वागत किया। सिख इतिहास अनुसंधान केंद्र में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक धरोहरों ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

## बागवानी करने वाले किसानों को भारी नुकसान

# आंधी से सैकड़ों पेड़ व बिजली के खंभे गिरने से रास्ते बाधित और बत्ती भी गुल



**पानीपत।** गांव बिजावा- बुआना लाखू मार्ग पर गिरे पड़े का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*



**पानीपत।** भीगे हुए गेहूं से पानी निकालने में लगे मंडी मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

> आंधी के चलते आम, नींबू, आलू बुखारा, नाशपाती, आड़ू, जामुन व अनार के साथ-साथ बेल वाली फसलों को भारी नुक्सान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

बीती रात को आई आंधी और बारिश किसानों और आमजन के लिए परेशानी बन गई। तेज आंधी से जहां सैकड़ों पेड़ ओर बिजली के पोल टुट कर गिर गये। जिससे आने जाने के रास्ते बंधित हो गये और क्षेत्र में ब्लैक आउट हो गया। वहीं बागवानी करने वाले किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के गांव बिजाव, बुआना लाखू, पूठर, माड़ी, पलड़ी, चमराडा, शाहपुर,कैत,परढाना व नौल्था आदि गांवों में बिजली ना होने से ब्लैक आउट जैसी स्थिति बनी रही। इसके अलावा तेज आंधी से बागवानी करने वाले किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आंधी के चलते आम, नींबू, आलू बुखारा, नाशपाती, आड़ू, जामुन व अनार के साथ-साथ बेल वाली फसलों को भारी नुक्सान हुआ है।

### खुले आसमान के तले पड़ा गेहूं बारिश में भीगा डेढ़ लाख क्विंटल का नहीं हो पा रहा उठान

बीती रात को आई तेज आंधी के साथ बारिश के चलते इसराना की अनाज मंडी में खुले आसमान के तले पड़ा डेढ़ लाख किवंटल गेहूं उठान ना होने के कारण बार बार भीग रहा है। इसमें से सैकड़ों किवंटल गेहूं काला पड़ा चुका है ओर सड़ांध मार रहा है। आढ़तियों में उठान ना होने के कारण भारी रोष व्याप्त है। उल्लेखनीय यह है कि इसराना की अनाज मंडी में 4,72,666 किवंटल गेहूं की आवाक हुई। जिसमें से 4,57,111 किवंटल की खरीद की गई। जिसमें से अब तक 3,23,521 किवंटल गेहूं का ही उठान हुआ है। उठान व भुगतान नहीं होने से आढ़तियों व किसानों में रोष देखा जा सकता है।

## चेतना परिवार ने 147 बेटियों को बांटे प्रशिक्षण प्रमाण पत्र



**पानीपत।** प्रमाण पत्र वितरण समारोह में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक ।

- सिलाई के 92, पार्लर के 35 और कम्पयूटर के 20 प्रमाण पत्र शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सोम भाई हॉल खादी आश्रम में चेतना परिवार ट्रस्ट का व्यायवसायिक प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। चेतना परिवार की कार्यकारिणी की अध्यक्ष रेखा बजाज ने मंच संचालन किया। चेतना परिवार की प्रबन्धक न्यासी निर्मल ने कहा कि चेतना परिवार ट्रस्ट केवल संस्था ही नहीं अपितु विचार है। अति वंचित एवं पिछड़े बच्चों की शिक्षा का प्रबन्ध, बेटियों एवं प्रौढ़. महिलाओं की शिक्षा का प्रबन्ध एवं सिलाई सेंटरों, ब्यूटी पार्लर सेंन्टरों एवं कम्पयूटर सेंन्टरों के माध्यम से बेटियों को प्रशिक्षित करने का कार्य चेतना परिवार ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। रेखा बजाज द्वारा ट्रस्ट की संक्षिप्त रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वर्तमान में 67 बच्चों के चेतना केन्द्र, 17 चेतना सिलाई केन्द्र, 5 कम्पयूटर चेतना केन्द्र, 4 चेतना ब्यूटी पार्लर, 7 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं कॉलोनियों में कार्यरत हैं। वहीं आज 147 बेटियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। जिनमें सिलाई के 92, पार्लर के 35 और कम्पयूटर के 20 प्रमाण पत्र शामिल हैं। अलग अलग व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाली 15 बेटियों को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली सव्यंसेविकाओं को भी उपहार एवं प्रशस्ति.पत्र प्रदान किये गये। समारोह के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास द्वारा चेतना परिवार द्वारा किये जा रहे कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। उन्होंने कमला आर्या एवं दीपचंद निर्मोही की बहुत प्रंशंसा की। उनके द्वार सभी बेटियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया गया।



**पानीपत।** जीत के जश्न में शामिल होते मंत्री महीपाल ढांडा व बिजेंद्र पांचाल की टीम।

### जनता ने जताया पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास : महीपाल ढांडा

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के निवास पर मंत्री एवं उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा के साथ कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम एवं पांड़ेचेरी के चुनाव में भाजपा को मिली विजय जश्न मनाया। वहीं कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी को सत्ता से दूर करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं गारंटी पर विश्वास जताया है। इस अवसर पर श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, भूषण मदान, हरबंस आनंद, गौरव छौक्करा, भाजपा नेता ईसम पांचाल, बबैल मंडल महामंत्री बिजेंद्र पांचाल, शक्ति केंद्र प्रमुख रविंद्र पांचाल, हिमांशु डांगी, जितेंद्र पटवा, भूपेंद्र पांचाल, पवन गोगलिया, बिटू बडैच, सुभाष कबीरपंथी, सुनील प्रजापति, प्रदीप उपाध्याय, पार्षद अजीत बिट्टू प्रजापति, आशू शर्मा, मार्किट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, सुरेश गुभंर, पार्षद देवेंद्र संधू व तरूण तावड़ा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के दशकों के संघर्ष की जीत : मेयर कोमल सैनी

**पानीपत।** पश्चिम बंगाल, आसाम एवं पांडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में मेयर कोमल सैनी ने चावला कालोनी वार्ड न.11 स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों संग ढोल.नगाड़ों के साथ लड्डू बांटकर जीत का उत्सव मनाया गया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि बंगाल की जनता ने ममता सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और लोकतंत्र विरोधी नीतियों को नकारते हुए भाजपा पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और गरीब, युवा, किसान एवं महिलाओं के उत्थान हेतु किए गए कार्यों की विजय है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु कटारिया, जिला प्रवक्ता वेद पाराशर, पार्षद अंजना गुर्जर, अनिल मदान, अमित नारंग, नवल जिंदल, सर्वेश शर्मा, कुसुम भट्ट, रॉकी गहलोत, अजय शर्मा, प्रीतम गुज्जर, प्रदीप गोयल, अमित मक्कड़, अमन बीका, रोशन लाल प्रजापति व राजबीर अंतिल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत की खुशी में मेयर कोमल सैनी, पंडित वेद प्रकाश पाराशर को मिठाई खिलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### राक्सहेडा में हुआ बाल पंचायत चुनाव, जीनत व दीक्षित बने सरपंच

**पानीपत।** दिशा ट्रस्ट के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राक्सहेडा में बाल पंचायत के चुनाव हुए। इस लोकतांत्रकि प्रक्रिया में कक्षा 8वीं,9वीं,10वीं,11वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं ने अपने मताधकिार का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों के अनुसार लड़कों की ओर से दीक्षित को 72, अमित कटारिया को 55 तथा लड़कियों में जीनत को 105 मत प्राप्त हुए जबकी आफरीन को 88 मत मिले। इस प्रकार जीनत और दीक्षित को बाल पंचायत का सरपंच घोषित किया गया। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे अमित, बादल, आफरीन व मीनाक्षी को उप.सरपंच का दायत्वि सौपा गया। सभी उम्मीदवारों ने बाल मतदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा नव. निर्वाचित बाल पंचायत सदस्यों ने अपने पद की शपथ ली। शपथ ट्रस्ट सचिव मुकेश द्वारा दिलाई गई।

## जीडी गोयंका स्कूल में डॉ.आदित्य ने संभाला प्रधानाचार्य पद का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शिक्षा जगत के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ.आदित्य कुमार ने प्रधानाचार्य पद का कार्यभार संभाला। चेयरमैन अतुल जैन ने उन्हें प्रधानाचार्य पद के लिए शुभकामनाएं दी और विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की उम्मीद जताई। विद्यालय की डायरेक्टर मधु अग्रवाल और सीए कमल किशोर ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सलाहकार मुस्कान जैन, मैनेजर बलराम शर्मा और सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे। वहीं डॉ.आदित्य ने विद्यालय की प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि वे शिक्षा के साथ साथ बच्चों को अनुशासन और नैतिक मूल्य देकर एक आदर्श व्यक्ति व नागरिक बनाएंगे तथा विद्यालय को नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।



**पानीपत।** डॉ.आदित्य कुमार को प्रधानाचार्य पद ग्रहण कराते डायरेक्टर मधु अग्रवाल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### आर्य कॉलेज में हुई लैक्रॉस की वार्षिक बैठक

**पानीपत।** लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन आर्य पीजी कॉलेज के खेल परिसर में किया गया। बैठक में प्रदेश भर से 15 जिलों के प्रधान एवं सचिव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने की जबकि उपाध्यक्ष राजिंदर सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। संघ के सचिव राजेश टूरन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही बजट तथा खेल को पूरे हरियाणा में व्यापक स्तर पर विकसित करने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रोहतक, रेवाड़ी, पानीपत, जींद, सिरसा, भिवानी और हिसार जिलों को स्थायी मान्यता प्रदान की गई। वहीं फरवरी माह में सऊदी अरब में आयोजित एशियन चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों खुशबू और आशीष गोयत तथा कोच राजपाल रेढू को सम्मानित किया गया। आगामी सत्र 2026-27 के लिए खेल कैलेंडर भी अंतिम रूप से तय किया गया। जिसके अनुसार सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप रोहतक, जूनियर स्टेट चैंपियनशिप फतेहाबाद, सीनियर स्टेट चैंपियनशिप हिसार, इसके साथ ही नेशनल फेडरेशन कप के लिए हरियाणा की महिला एवं पुरुष टीमों का चयन किया गया। जिसमें राज्यभर से 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



**पानीपत।** पदाधिकारियों का स्वागत करते सचिव राजेश टूरन व अन्य ।

## न्यूज डायरी



### समालखा में भाजपा की जीत पर बांटे लड्डू

**पानीपत।** पश्चिमी बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी मनाई गई। नगर परिषद चेयरमैन अशोक कुच्छल की अगुवाई में रेलवे रोड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बम.पटाखे फोड़े और लड्डू बांटकर जश्न मनाया। चेयरमैन अशोक कुच्छल के भाई नरेंद्र कुच्छल की ओर से राहगीरों और दुकानदारों को लड्डू वितरित किए गए। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने राह चलते लोगों को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। चेयरमैन अशोक कुच्छल ने कहा कि पश्चिमी बंगाल की जनता ने बदलाव के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश दिया है।



### बंगाल की जनता ने पीएम मोदी के सुशासन को चुना, ममता के कुशासन को नकारा : प्रमोद विज

**पानीपत।** पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने पश्चिम बंगाल और असम के चुनावी नतीजों में भाजपा को मिली बढ़त पर अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को जलेबी और झालमुरी वितरित की गई तथा जीत का उत्सव मनाया गया। विधायक विज ने कहा कि बंगाल की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सुशासन में विश्वास जताया तथा ममता बनर्जी के कुशासन को नकार दिया है।



### भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की जीत : सलूजा

पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को आज उनके लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत की खुशी में लड्डू खिलाए। वहीं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गजेंद्र सलूजा ने कहा कि यह जीत भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं व भगवान स्वरूप जनता के प्यार की जीत है। अब उक्त तीनों राज्यों की जनता को उन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा जो केद्रंर सरकार चला रही है।



### यह पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस और विकास की जीत

**पानीपत।** देश के पांच प्रदेशों में हुए विधानसभा चुनाव में से चार प्रदेशों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत को लेकर श्याम कमल भाजपा जिला कार्यालय में जिला के सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। विशेषकर पश्चिम बंगाल में मिली एतिहासिक जीत पर कार्यकर्ता झूम उठे। कार्यालय में आतिशबाजी हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने कहा कि जिस प्रकार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के गुंडों ने आतंकवाद ओर भय भ्रष्टाचार का वातावण बना रखा था उससे देश का हर नागरिक परिचित है।

### पश्चिम बंगाल को अब मिलेगी बड़ी योजनाओं की सौगात : सुरेश नारंग

**पानीपत।** केसरिया हिंदुस्थान निर्माण संघ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश नारंग ने पश्चिम बंगाल की जीत की खुशी पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि भारत के अंदर इतिहास में पहली बार पश्चिम बंगाल के अंदर एनडीए सरकार बनाकर भगवा लहराया है। पश्चिम बंगाल की जनता को अब मोदी सरकार बहुत बड़ी योजनाओं की सौगात देगी। सुरेश नारंग ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि बीजेपी अब यहां पर बेरोजगारी, गुंडागर्दी, गौ तस्करी व घुसपैठिया को समाप्त करेगी।

## लूट का शिकार हो रही फैक्ट्री की लेबर : मोहन गर्ग

# सेक्टर 29 पार्ट 1 में लगा समस्याओं का अंबार

> सेक्टर में स्ट्रीट लाइट का कोई प्रबंध नहीं शाम होते ही पूरा सेक्टर अंधेरे में डूब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




**पानीपत।** बैठक में भाग लेते उद्योगपति । *फोटो : हरिभूमि*

इंडस्ट्रियल वेलफेयर समिति सेक्टर 29 पार्ट 1 के तत्वाधान में बैठक हुई। जिसमें सेक्टर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही समस्याओं के विषय में चर्चा की गई और सरकार से और एचएसआईआईडीसी विभाग से उन समस्याओं के निदान की मांग की गई। उद्योगपति मोहनलाल गर्ग ने बताया की सेक्टर 29 पार्ट 1 में 300 प्लॉट हैं और 250 फैक्ट्री हैं जिनसे करोड़ों का वार्षिक उत्पाद देश.विदेश में जाता है और लगभग 250 करोड़ का जीएसटी और 100 करोड़ का इनकम टैक्स सरकार को दिया जाता है। लगभग 12 लाख रुपए हाउस टैक्स भी नगर निगम को दिया जाता है। उसके बावजूद सुविधाओं के नाम पर यह सेक्टर पूरी तरह से उपेक्षित है। इस सेक्टर में आने के लिए 6 सड़के हैं जिन पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिनका लेवल बहुत ऊंचा नीचा है। जिससे यातायात संबंधित बहुत परेशानी उत्पन्न होती है। जीटी रोड को पार करने के लिए फुट ओवर ब्रिज बना है परंतु रैंप की खस्ता हालत की वजह से सरिया उखड़ कर बाहर आया हुआ है। सेक्टर में अवैध रूप से बनी हुई झुग्गी झोपड़ियों में बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रहने वाले बाहरी लोगों ने सेक्टर की कानून व्यवस्था को चुनौती दी हुई है। आए दिन लेबर से शाम को घर जाते समय रुपये, पैसे व मोबाइल इत्यादि छीनने की घटनाये होती रहती हैं। सेक्टर में स्ट्रीट लाइट का कोई प्रबंध नहीं है। शाम होते ही पूरा सेक्टर अंधेरे में डूब जाता है। जिसके कारण रात में चोरी की घटना को डर बना रहता है। सफाई के नाम पर व्यवस्था शून्य है, हर गली के मोड पर कूड़े के ढेर बने हुए हैं। सभी व्यापारियों ने सरकार से इन समस्याओं के निवारण की मांग की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दिनेश बंसल, बृजेश गर्ग, सुरेश गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, संजीव गोयल, कपिल महेंद्रू, अचल जैन, सुभाष गर्ग, मोहित अरोड़ा व जुगल किशोर चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनी अधिकारियों ने समस्याएं

**बराड़ा।** एसडीएम सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निपटान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

### हमला करने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान थाना मुलाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जान से मारने की नीयत से रास्ता रोककर हमला करने व अवैध हथियार मामले में एक अन्य आरोपी को हेमामाजरा कट से गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि आरोपी मुकेश कुमार भी इस मामले में शामिल है। अब पुलिस ने मामले में संलिप्त चौथे आरोपी मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी की घटनाओं में हजारों का माल चोरी

**जींद।** जिले में चोरी की चार अलग-अलग घटनाओं में चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना सदर थाना क्षेत्र के तहत अनाज मंडी दनौदा से चोरों ने एक दुकान से 15-16 गेहूं के बैग चोरी कर लिए। दुकान मालिक विमल जैन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी अनाज मंडी दनौदा में दुकान है। चोरों ने एक और दो मई की मध्य रात्रि में करीब 16 बैग गेहूं चोरी कर लिए। पुलिस ने विमल जैन की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पशुओं से दुर्घटना में आर्थिक सहायता का प्रावधान : मल्होत्रा

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि सड़कों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु 2 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि दयालु 2 योजना पोर्टल का सरलीकरण भी किया गया है ताकि पात्र परिवारों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।

### जागरण में चोरी का आरोपित काबू

**जींद।** थाना शहर नरवाना पुलिस ने जागरण में चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि पंजाबी चौक नरवाना निवासी ललित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 28 अप्रैल को जागरण के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 37 हजार रुपये की नगद चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## आचार संहिता पर चुनाव अधिकारियों ने प्रतिनिधियों को दी जरुरी हिदायतें

# चुनाव खर्च नहीं संभालने वाले प्रत्याशी नहीं लड़ पाएंगे पांच साल तक चुनाव

### शहर के ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में स्थापित किया जाएगा स्ट्रांग रूम, 13 मई को होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीटिंग में मौजूद चुनाव अधिकारी।

नगर निगम चुनाव में सोमवार को आदर्श आचार संहिता को लेकर जरुरी आदेश पारित किए गए। चुनाव के सामान्य ऑब्जर्वर एवं मंडलायुक्त संजीव वर्मा, पुलिस ऑब्जर्वर आईजी ओपी नरवाल व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में चुनाव में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना को लेकर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना की सुनिश्चित करने के साथ-साथ चुनाव आयोग की हिदायतों की जानकारी भी दी गई।

सामान्य ऑब्जर्वर संजीव वर्मा ने कहा कि देश बहुत खुबसूरत है। इसकी खुबसूरती इसलिए है कि दुनिया में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक एवं मजबूत व्यवस्था भारत में है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों को निष्पक्ष ढंग से करवाने का काम किया जा रहा हैं। अंबाला एक ऐतिहासिक शहर है, देश की आजादी का बिगुल भी यहीं से बजा था इसलिए इस चुनाव में हम सबको आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना है। हमें फ्रेंडली माहौल तैयार करके चुनाव को करवाना हैं। उन्होनें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि यह चुनाव निष्पक्ष तरीके से करवाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने सामान्य ऑब्जर्वर व अन्य को बताया कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित हो, इसके लिए आरटीए सुशील कुमार को नोडल अधिकारी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की अनुपालना करना हम सबका दायित्व है। सौहार्दपूर्ण माहौल में हमें चुनाव का सफलता पूर्वक आयोजन करवाना है।

### मेयर प्रत्याशी की खर्च सीमा 30 लाख रुपये

चुनावी खर्चा पर्यवेक्षक एवं डीईटीसी जितेंद्र डूडी ने यह भी बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के लिए प्रत्याशी अधिकतम 30 लाख रूपए की तथा सदस्य पद के लिए प्रत्याशी अधिकतम 7 लाख 50 हजार रूपए की राशि खर्च कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भी चुनाव प्रचार खर्चे पर नजर बनाए रखे हुए हैं इसलिए सभी उम्मीदवार अपने चुनाव खर्चे का लेखा जोखा रजिस्टर मेनटेन करना सुनिश्चित करें। जिला रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि चुनाव में प्रचार के लिए वाहन परमिशन के लिए भी सिंगल विंडो स्थापित की गई है। चुनाव के दौरान कोई भी उम्मीदवार सरकारी भवन, सरकारी कार्यालयों पर झंडा या प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी कहा कि मतदान वाले दिन अपने चुनाव संबंधी स्टॉल को मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी से अधिक पर लगाएं। उन्होंने यह भी बताया कि 8 मई को शाम 6 बजे प्रचार थम जाएगा। इस बात का भी ध्यान रखा जाए।

### 10 मई को शुरू होगा मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 10 मई को प्रातः 8 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा, जोकि सांय 6 बजे तक होगा। उन्होनें बताया कि ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल अम्बाला शहर में स्ट्रांग रूप स्थापित किया जाएगा। इसके साथ-साथ 13 मई को मतगणना होगी। बैठक में नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, तहसीलदार आदित्य रंगा, बीडीपीओ अश्विनी कुमार, डीएसपी विजय कुमार, जिला चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा भी मौजूद रहे।

### 13 मई को सभी शराब ठेके रहेंगे बंद

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने पंजाब एक्साईज एक्ट 1914 की धारा 54 के तहत नगर निगम आम चुनाव को लेकर आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के तहत एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सीमा में सभी शराब विक्रेता 8 मई सुबह 8 बजे से 10 मई मतदान वाले दिन तक तथा 13 मई मतगणना वाले दिन शराब के सभी ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि नगर निगम आम चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने की संभावना को रोकने के लिए जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शराब के सभी ठेके 8 मई सुबह 8 बजे से 10 मई मतदान वाले दिन तक तथा 13 मई मतगणना वाले दिन शराब के सभी ठेके बंद रहेंगे। उन्होनें यह भी बताया कि मतदान गणना वाले दिन मतगणना के समापन तक किसी भी दुकान, रेस्टोरेंट, क्लब, अन्य किसी भी स्थान चाहे वे लाइसेंस शुदा हो वहां पर भी शराब बिक्री व वितरण पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कहीं पर भी आदेशों की अवेहलना पाई गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## 3.35 करोड़ से अधिक लोग अस्थमा से पीड़ित: डॉ गुप्ता




- भारत में अस्थमा से संबंधित मृत्यु दर वैश्विक औसत से तीन गुना अधिक, देश में निदान की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लीडिंग मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ केयर प्रोवाइडर पार्क हॉस्पिटल्स ने सोमवार को मोहाली और पंचकूला स्थित अपने अस्पतालों में एडवांस्ड अस्थमा एवं एलर्जी क्लिनिक के शुभारंभ की घोषणा की। इस एडवांस्ड अस्थमा क्लिनिक के शुभारंभ से पंचकूला, मोहाली, चंडीगढ़, जीरकपुर, यमुनानगर, अंबाला, रोपड़, नवांशहर, पटियाला, करनाल, कैथल, सोलन और शिमला के मरीजों को विशेष अस्थमा देखभाल का लाभ मिलेगा। आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, पल्मोनोलॉजी विभाग के डायरेक्टर व एचओडी-पल्मोनोलॉजी, डॉ एसके गुप्ता ने कहा कि भारत में अस्थमा एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। जिससे 34.35 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं, जो वैश्विक अस्थमा के कुल मामलों का लगभग 13 प्रतिशत है। सीनियर कंसल्टेंट-एलर्जी व अस्थमा, डॉ एसयू लवासा ने बताया कि भारत में अस्थमा से संबंधित मृत्यु दर वैश्विक औसत से तीन गुना अधिक है,जो प्रारंभिक निदान और उपचार में कमियों को दर्शाता है। कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, डॉ हितेश गौड़ ने बताया कि अस्थमा एक दीर्घकालिक बीमारी है जो बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित करती है, और अक्सर धूल, प्रदूषण, धुआं, संक्रमण और तनाव से शुरू होती है। इसके सामान्य लक्षणों में सांस लेने में तकलीफ, खांसी, व्हीज़िंग और सीने में जकड़न शामिल हैं। डॉ एसके गुप्ता ने आगे कहा कि कई रोगियों में अस्थमा जीवन भर रहने वाली स्थिति है, लेकिन उचित चिकित्सा देखभाल और जागरूकता से इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में अपर्याप्त निदान और अपर्याप्त उपचार प्रमुख चुनौतियां बनी हुई हैं, जिससे अनावश्यक जटिलताएं और अस्पताल में भर्ती होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।एडवांस्ड अस्थमा एवं एलर्जी क्लिनिक में श्वसन संबंधी एलर्जी पैनल परीक्षण, फंगल एलर्जी की जांच, फेफड़ों की कार्यक्षमता परीक्षण (स्पाइरोमेट्री) और इम्यूनोथेरेपी तथा बायोलॉजिक्स सहित एडवांस्ड उपचार विकल्प जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# विस चुनावों में भाजपा की एतिहासिक जीत

- अनिल विज बोले जनता ने सारी पार्टियों को पहचाना, काम करने वाली पार्टी केवल भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पार्टी की जीत का जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

पश्चिमी बंगाल व असम में भाजपा की प्रचंड जीत पर सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाई। ढोल की थाप पर कार्यकर्ताओं ने जमकर डांस किया। साथ ही खुशी में आतिशबाजी भी चलाई। पार्टी की जीत पर ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पश्चिम बंगाल, असम व पंडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कहा कि हिंदुस्तान की जनता ने सारी पार्टियों को स्कैन कर अच्छी तरह पहचान लिया कि काम करने वाली पार्टी केवल भारतीय जनता पार्टी है, बाकि तो जुगाड़ है, पारिवारिक जुगाड़ है या सत्ता हथियाने के दल बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल में इतनी बड़ी जीत हासिल कर इतिहास रच दिया और भाजपा जहां-जहां चुनाव लड़ रही वहां भाजपा हरियाणा में जीती, दिल्ली में जीती, फिर मुंबई व बिहार में जीती और अब बंगाल व असम में जीते हैं। आगे भी जहां-जहां चुनाव होंगे वहां भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सांस्कारिक पार्टी, विचारों की पार्टी, देश की पार्टी, राष्ट्रवाद की पार्टी है जिसकी नीतियां है, देश में शिक्षा व सुरक्षा तथा हर प्रकार की जिसकी नीतियां भाजपा की है। आगे पंजाब में चुनावों को लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि पंजाब में आगे चुनाव है और गली-गली से भाजपा जिंदाबाद की आवाज आएगी। उन्होंने कहा पंजाब में पूरी तरह से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इससे पहले अंबाला छावनी स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जमकर जीत का जश्न बनाया।

# नशे को जड़ों से खत्म करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : संजय

- 90 फीसदी अपराधों की वजह नशा, छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। आईटीआई में नशे के खिलाफ शपथ दिलवाते डॉ. अशोक वर्मा।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के दिशानिर्देश पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह 111 वां जागरूकता कार्यक्रम था। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार ने स्पष्ट किया है कि नशे की जड़ों को खत्म करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।संस्थान के प्राचार्य दिनेश सिंह राणा के निर्देशन में उप प्राचार्या वनिता की अध्यक्षता में यह जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें 200 प्रशिक्षुओं और 15 संस्थान के शिक्षकों ने भाग लिया। वर्मा ने नशे के प्रकार, कारण, प्रभाव, और निवारण पर विस्तार पूर्वक बताकर छात्रों को जागरूक किया।



### श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**मुलाना।** गांव जफरपुर स्थित बाबा गणेश नाथ मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सोमवार को अपने चौथे दिन में प्रवेश कर गई। जफरपुर के समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। कथा व्यास श्री यशोदा नंदन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और भक्तों के प्रति उनके प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्री यशोदा नंदन जी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झुमे। कथा दोपहर 2:15 बजे से शाम 5:15 बजे तक प्रतिदिन आयोजित की जा रही है जो 7 मई 2026 तक चलेगी। आयोजकों ने बताया कि कथा के समापन दिवस पर पूर्ण आहुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। मौके पर सुभाष शर्मा, महिन्द्र सिंह, रामअवतार शर्मा, सुशील पूर्व सरपंच, बब्बू सिंह, सरपंच दिलीप चौहान, यशपाल सिंह, पप्पू राणा, जयकरण राणा, शेर सिंह नरेश राणा, जसवंत नंबरदार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# रोटरी क्लब ने शिक्षकों को 'नेशन बिल्डर अवार्ड' से किया सम्मानित

- शिक्षक रखते हैं राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। क्लब के सदस्य शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

रोटरी क्लब की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत मोहन सिंह खालसा लुबाना गर्ल्स कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा को 'नेशन बिल्डर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व क्लब प्रधान हरपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं। वे विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपप्रधान बलकार सिंह कंबोज ने कहा कि शिक्षा समाज को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है और शिक्षकों का योगदान सदैव सराहनीय व सम्माननीय है। उन्होंने शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डिप्टी स्पीकर ने पार्क में ओपन जिम का किया उद्घाटन

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि शहर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को गति देने के उद्देश्य से चालू वर्ष को विशेष रूप से जींद के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए समर्पित किया है। दौरान शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सार्वजनिक स्थलों की खूबसूरती बढ़ाने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह जींद को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शहर के वार्ड नंबर 17 स्थित ढाबा पार्क में आधुनिक ओपन जिम का उद्घाटन करने के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद रामराय गांव में जनसभा को संबोधित भी किया तथा गांव द्वारा रखी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि ओपन जिम क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। बताया कि पार्क में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ शौचालय का भी निर्माण करवाया जाएगा।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*

### भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत संगम में डूबे श्रद्धालु

**बराड़ा।** गांव अधोया स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटूश्याम जी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन सोमवार को भक्तिमय वातावरण के बीच श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। कथा वाचन वृंदावन धाम से पधारे स्वामी अनंत गिरि महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा के दौरान स्वामी ने नागलीला का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ ने गोपी रूप धारण कर रास में भाग लिया, जिसके कारण वे गोपेश्वर महादेव के नाम से विख्यात हुए। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की रस्में विधिवत संपन्न कराई गईं, जिसमें श्रद्धालुओं ने कन्यादान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सुंदर झांकियां भी निकाली गईं, जिसने संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक**
**ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005**

## शांति एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत सुभाष पार्क में हुआ ओपन थिएटर

# विश्व शांति के लिए सकारात्मक रखनी होगी सोच: संतोष भाई

### भारत एक महान देश, दूसरे देशों में जाने पर समझ आती है अपने देश की वास्तविक संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रंगारंग कार्यक्रम में मौजूद लोग।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग की ओर से भव्य समारोह का आयोजन अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के ओपन थियेटर में किया गया। यह कार्यक्रम शांति एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का मस्तक पर तिलक व पुष्प गुच्छी द्वारा स्वागत किया गया। उद्योगपति अनिल जैन ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। विंग की राष्ट्रीय सह संयोजिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रशांति दीदी ने कहा जहां ज्ञान हैं वहां प्रकाश हैं। जहां ज्ञान है वहां अंदर का अंधकार मिट जाएगा। जीवन का सच्चा अमृत है। मेरा देश मेरी शान, मेरी संस्कृति मेरी पहचान। देश के हर एक त्योहार में भी साइंस हैं। हर नृत्य में भी एक्यूप्रेशर और एक्यूपंक्चर है।

ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ख्याति दीदी योग की बहुत सुंदर कमेंट्री करवाकर सबको सच्ची सुख शांति व खुशी की अनुभूति कराई। कार्यक्रम में गीत संगीत व रंगारंग नृत्य की प्रस्तुतियों ने सबको मंत्रमुग्ध किया। विंग की ज़ोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने मंच संचालन किया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से वहां पर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओपन थिएटर के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम का वास्तविक आंनद प्राप्त हुआ। अभियान के अंतर्गत अभी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।

### त्योहारों में शार्टकट की तरफ जा रहे भारतीय

समारोह में मुख्यअतिथि हरियाणा कला परिषद् निर्देशक नागेंद्र कुमार वर्मा ने कहा हमें यहां पर आकर ऐसा लग रहा हैं जैसे मन में असीम शांति आ गई हो। उन्होंने कहा कि हम खुद से पूछे कि हम अपने त्योहार कितने मन से मना रहे हैं। हम शॉर्टकट की तरफ़ जा रहे हैं। विंग के राष्ट्रीय संयोजक ब्रह्माकुमार संतोष भाई ने कहा भारत एक बहुत ही महान देश है। जब हम दूसरे देशों में जाते हैं तो वहां हमें अपने देश की वास्तविक गरिमा संस्कृति समझ में आती है। उन्होंने बताया कि वे थोड़े समय पहले ही जब वह रशिया गए तो वहां स्कूल के बच्चों ने हमें देखते ही नमस्ते किया। हर घर में एकता न होने का कारण हमारी स्वार्थ की भावना है। कोई अन्य विश्व शांति विश्व कल्याण के लिए प्रयास करें या नहीं करें लेकिन हमें अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक रखना है। मेरा मन शांत होगा वहीं शांति के वाइब्रेशन विश्व को भी शांत कर देंगे।